


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–12 सोमवार, दिनांक–20 मार्च, 2023 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री अवध बिहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:40 बजे अपराह्न तक।**

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही आसन की अनुमति से माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा बिना मौसम हुए बरसात और ओला वृष्टि से किसानों को हुए नुकसान का आकलन करवाकर मुआवजा दिये जाने एवं राज्य में बढ़ते अपराध का मामला उठाया गया। इस दौरान इस विषय पर सरकार से उत्तर की मांग करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल और नारेबाजी करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा कहा गया कि आपके द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट करा दिया गया है। अभी प्रश्नकाल है, इसे चलने दें। साथ ही, विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया, जिसके उपरान्त सदन में शान्ति कायम हुई।

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।

(ii) 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या–2102 राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में स्थानान्तरित।

(iv) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(v) 39 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–2114 के संबंध में माननीय सदन नेता द्वारा सदन की भावना को देखते हुए बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अन्तर्गत पुलिस अवर निरीक्षक एवं प्रारक्ष अवर निरीक्षक (परिचारी) के पदों पर नियुक्ति में आरक्षित श्रेणी की महिला अभ्यर्थियों के न्यूनतम ऊँचाई में छूट दिये जाने के संबंध में तत्काल समीक्षा करने की बात कही गयी।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी, श्री जनक सिंह, श्री पवन कुमार जायसवाल, श्रीमती गायत्री देवी, श्री राणा रणधीर, डॉ० निक्की हेम्ब्रम, श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं श्री केदार प्रसाद गुप्ता द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

**[3] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i) श्री गोपाल रविदास
(ii) श्रीमती मंजु अग्रवाल
(iii) श्री सउद आलम
(iv) श्री महा नंद सिंह
(v) श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव
(vi) श्री अमरजीत कुशवाहा
(vii) श्री मनोज मंजिल
(viii) श्री बीरेन्द्र कुमार
(ix) श्री मुरारी मोहन झा
(x) श्री संजय सरावगी
(xi) श्री जय प्रकाश यादव
(xii) श्री अरूण सिंह
(xiii) श्रीमती प्रतिमा कुमारी
(xiv) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xv) श्री राजवंशी महतो
(xvi) श्री रामबली सिंह यादव
(xvii) श्री मुकेश कुमार यादव
(xviii) श्री अजीत कुमार सिंह
(xix) श्री राजीव कुमार सिंह
(xx) श्री मोहम्मद अनजार नईमी
(xxi) श्रीमती गायत्री देवी
(xxii) श्री मिश्री लाल यादव
(xxiii) श्री रणविजय साहू
(xxiv) श्री सत्यदेव राम
(xxv) श्री छत्रपति यादव
(xxvi) डॉ० निक्की हेम्ब्रम
(xxvii) श्री राणा रणधीर
(xxviii) श्री रामवृक्ष सदा
(xxix) श्री विनय बिहारी
(xxx) श्री जनक सिंह
(xxxi) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xxxii) श्री केदार प्रसाद गुप्ता
(xxxiii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(xxxiv) श्री सुदामा प्रसाद
(xxxv) श्रीमती रश्मि वर्मा

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री भाई वीरेन्द्र एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित तथा दिनांक 16.03.2023 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री चन्द्र शेखर द्वारा समय की मांग की गयी।

(ii) माननीय सदस्य, श्री तारकिशोर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, श्री जितेन्द्र कुमार राय द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(iii) माननीय सदस्य, श्री प्रेम शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री प्रेम शंकर प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री संजय कुमार झा द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[5] वित्तीय कार्य :–वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–08 पथ निर्माण विभाग; पंचायती राज विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग] पर वाद–विवाद तथा मतदान।**

माननीय उप मुख्यमंत्री सह माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

तदुपरान्त माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा अपना पक्ष रखा गया।

तत्पश्चात अनुदानों की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

1. श्री प्रमोद कुमार
2. श्री छोटे लाल राय
3. श्री कृष्ण कुमार मंटू
4. श्रीमती मीना कुमारी
5. श्री भीम कुमार सिंह
6. श्री संजय कुमार सिंह
7. श्री शकील अहमद खाँ
8. श्री मनोज मंजिल

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

9. श्री अनिल कुमार
10. श्री अजय कुमार
11. श्री राम रतन सिंह
12. सुश्री श्रेयसी सिंह
13. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन
14. श्री अखतरूल ईमान
15. श्री प्रणव कुमार
16. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

तत्पश्चात माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, श्री संतोष कुमार सुमन द्वारा अपने विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में संक्षिप्त रूप में अपना पक्ष रखा गया।

तदुपरान्त माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा सरकार की ओर से वाद–विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया तथा पक्ष रखा गया।

इस दौरान सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

**[6] <u>निवेदन</u> :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 53 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक–21 मार्च, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–20.03.2023

**पवन कुमार पाण्डेय**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।